हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक
# भव्य प्रभात
खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 17, अंक 110 | 18 अप्रैल 2024 गुरुवार हाथरस | पृष्ठ 8 | मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

### नलबाड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री...

# पूरा देश कह रहा 400 पार

● असम की धरती पर मोदी गारंटी लेकर आया हूं,
● पीएम मोदी ने असम में हेलीकॉप्टर में बैठकर देखा रामलला का सूर्य तिलक, बोले– यह मेरे लिए भावुक क्षण

नलबाड़ी,(एजेंसी)। पीएम मोदी ने कहा कि यहां आप सभी का प्यार, उत्साह और भव्य उपस्थिति स्पष्ट रूप से व्यक्त करती है कि 4 जून को क्या होने वाला है! तभी तो लोग कहते हैं, ष4 जून, 400 पारष! फिर एक बार, मोदी सरकार! आज रामनवमी का ऐतिहासिक अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। अभी कुछ मिनटों के बाद प्रभु राम का सूर्य तिलक करके, उनका जन्मोत्सव अयोध्या की पवित्र नगरी में, राम मंदिर में मनाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन 17 अप्रैल को आक्रामक प्रचार जारी रखा। लोकसभा चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को होने वाला है और शुक्रवार को मतदान के लिए निर्धारित सभी राज्यों में रैलियों और रोड शो के लिए देश के शीर्ष नेताओं की पूरी सूची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो चुनावी रैलियां करने का प्रोग्राम है। इसमें से सबसे पहले पीएम मोदी ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि यहां आप सभी का प्यार, उत्साह और भव्य उपस्थिति स्पष्ट रूप से व्यक्त करती है कि 4 जून को क्या होने वाला है! तभी तो लोग कहते हैं, ष4 जून, 400 पारष! फिर एक बार, मोदी सरकार! आज रामनवमी का ऐतिहासिक अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। अभी कुछ मिनटों के बाद प्रभु राम का सूर्य तिलक करके, उनका जन्मोत्सव अयोध्या की पवित्र नगरी में, राम मंदिर में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के नलबाड़ी में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम




के नलबाड़ी में चुनाव प्रचार किया। उनकी इस रैली में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों को रामनवमी की बधाई दी। इस खास मौके पर उन्होंने फोन की फ्लैश लाइट जला कर लोगों से रामलला के सूर्य तिलक से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब सूर्य देवता स्वयं प्रभु राम के जन्मदिन को मनाने के लिए किरण के रूप में उतर रहे हैं, पूरे देश में एक नया माहौल है और ये प्रभु श्रीराम का जन्मदिन 500 साल बाद आया है, जब उन्हें अपने घर में जन्मदिन मनाने का सौभाग्य मिला हैरैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ष्आज रामनवमी का ऐतिहासिक अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। अभी कुछ मिनटों के बाद प्रभु राम का सूर्य तिलक करके, उनका जन्मोत्सव अयोध्या की पवित्र नगरी में, राम मंदिर में मनाया जाएगा।ष पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उन्हें नलबाड़ी की सभा के बाद अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। फिर एक बार मोदी सरकाररू नलबाड़ी में बोले पीएम मोदी लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने कहा, ष्चार जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए लोग कहते हैं– 4 जून, 400 पार। फिर एक बार मोदी सरकार।ष उन्होंने आगे कहा, ष्2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था।

## हम देश से उखाड़ फेंकेंगे नक्सलवाद, जारी रहेगी कार्रवाई: अमित शाह

कांकेर,(एजेंसी)। अमित शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि नक्सलियों के खिलाफ ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और बहुत कम समय में पीएम मोदी के नेतृत्व में हम देश से नक्सलवाद उखाड़ फेंकेंगे। कांकेर में सुरक्षाबलों और



नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। बड़ी बात ये है कि 29 में से 15 महिला नक्सली शामिल हैं। इसी मामले को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं तब से बीजेपी सरकार ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ लगातार अभियान चलाया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी, उस अभियान को और गति मिली। अमित शाह ने आगे कहा कि 2014 से हमने कैंप लगाना शुरू किया। 2019 में दोबारा सरकार बनने के बाद लगभग तीन महीने में 250 कैंप लगाए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ में 80 नक्सली मारे गये हैं, 125 से ज्यादा गिरफ्तार किए गए हैं और 150 से ज्यादा नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि नक्सलियों के खिलाफ ये कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और बहुत कम समय में पीएम मोदी के नेतृत्व में हम देश से नक्सलवाद उखाड़ फेंकेंगे। वहीं कांकेर नक्सली मुठभेड़ पर आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने कहा कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जो करीब 4 घंटे तक चली।

## परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के वादे पर रुख साफ करे कांग्रेस : राजनाथ

नई दिल्ली,(एजेंसी)। केरल कासरगोड में एक चुनावी सभा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है, ऐसा ही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राज्य के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने मांग की कि कांग्रेस को परमाणु




हथियारों को नष्ट करने के माकपा के घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपना रुख जाहिर करना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु संपन्न देशों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से वह देश कमजोर देश बन जाएगा जिसके पड़ोसी पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्तियों से लैस होंगे। माकपा ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और रासायनिक व जैविक हथियारों सहित सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों का पूर्ण सफाया किया जाएगा। सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।

# एक शाम श्री राम जी के नाम में कवियों ने सामाजिक बुराइयों पर किये कटाक्ष

(भव्य प्रभात)
हाथरस। गांव बढ़ानू में राम कथा पंडाल में आयोजित एक शाम श्री राम जी के नाम कवि सम्मेलन में कवियों ने सामाजिक बुराइयों पर कटाक्ष, देशभक्ति एवं हास्य की उत्कृष्ट रचनाओं से रात भर श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य उमाशंकर गुप्ता , विशिष्ट अतिथि डॉ अरविंद भारद्वाज व ग्राम प्रधान ढालसिंह एवं कथा आचार्य विजय कुमार शास्त्री व कार्यक्रम अध्यक्ष रवेन्द्र सिंह मास्टर द्वारा भगवान राम के छविचित्र पर पुष्पार्चन कर किया ।
कुमारी उन्नति भारद्वाज की सरस्वती वंदना के पश्चात
मोंठ झांसी से पधारे कवि राम नरेश रमन ने पढ़ा दृ जीव जगत जो भटक गया है उसको राह दिखाते राम। पावन प्रेम पुरातन प्रभु से जब जागे तब आते राम।
वहीं एटा से पधारे कवि बलराम सरस ने पढ़ा दृ पिंजड़े से तो जीती मैना, खुले गगन से हार गई । चकाचौंध के बाजारों की तृष्णा उसको मार गई।
कवयित्री गीत सिंह गीत ने पढ़ा– भरोसा है हमें इकदिन विरह का अंत आएगा। लिए खुशबू मोहब्बत की हमारा कंत आएगा
आगरा से पधारे कवि हीरेंद्र नरवार ने पढ़ा– गैरों की बातों में घर को तोड़ेगा फिर घूमेगा कोर्ट कचहरी थानों में।
भरतपुर राजस्थान के युवाकवि ने पढ़ा दृ इस मोबाइल की सैटिंग में या व्हाट्सएप की चौटिंग में टिंकू है बेचौन मोते कब बतरावैगी।
वहीं कुमारी उन्नति भारद्वाज ने कहा–राम हैं राम हैं राम हैं राम हैं मेरे रघुवर का सजता अवध धाम हैं ।
कवि डॉ दत्तात्रेय ने पढ़ा –जीवन बदलने के लिए कुछ लक्ष्य चाहिए।
विवेक शील राघव ने पढ़ा–प्रीत सच्ची है तो घनश्याम चले आएंगे। भाव की भूंख में प्रभु राम चले आएंगे।
टूंडला के कवि राम राहुल ने खूब हंसाया और संचालन किया ।
देवेन्द्र दीक्षित शूल ने पढ़ा– काम करें बूढ़े पिता सोवें श्रवण कुमार। चिंतित है मां भारती
कैसे हो उद्धार ।
प्रमोद विषधर ने अपनी रचनाओं से खूब तालियां बटोरीं।
कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर रविंद्र सिंह चौहान ने की।
सत्य प्रकाश चौहान , कालीचरण शर्मा , राधे श्याम दीक्षित, कुंवर पाल सिंह चौहान ,पूर्व प्रधान बॉबी सिंह बघेल ,अवधेश पुढीर, मनोज परमार व प्रदीप चौहान ने कवियों का सम्मान किया।
इस अवसर पर माधव सिंह चौहान , अनुराग दिक्षित, शीलेश कुमार ,पवन प्रताप ,सत्यभान सिंह, बबलू चौहान एवं सैकड़ो पुरुषों व महिलाओं ने काव्य रसपान किया।

# धार्मिक धुनों और भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण हुआ भक्तिमय

सिकंदराराऊ। श्री रामनवमी पर नगर में धूमधाम से बैंडबाजे संग शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक धुनों और भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कई जगह पुष्प वर्षा से शोभायात्रा का स्वागत किया गया।
मंदिर बगिया बारहसैनी से शोभायात्रा का शुभारंभ आयोजकों द्वारा पूजा अर्चना करके किया गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा में शामिल बैंड ने धार्मिक धुनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, भगवान श्री शिव, पंचमुखी हनुमान जी की झांकी आकर्षण केंद्र रहीं। मां काली के स्वरूप ने तलवारबाजी के अद्भुत करतब दिखाए।
इस अवसर पर पंकज गुप्ता, विशाल वार्ष्णेय, अमितेश वार्ष्णेय, सागर वार्ष्णेय, गिरीश मोहन गुप्ता, प्रवीन वार्ष्णेय, अभिषेक वार्ष्णेय, आकाश शर्मा , रामनवमी मेला समिति अध्यक्ष देव वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष दक्ष वार्ष्णेय ,, मंत्री दर्शिल वार्ष्णेय, कोशाध्यक्ष अर्जुन वार्ष्णेय, संयोजक राघव वार्ष्णेय मोबाइल प्लाजा संचालक , योजित वार्ष्णेय व्यवस्थापक , अभिनव वार्ष्णेय, केशव वार्ष्णेय , तनाव वार्ष्णेय, निशांत दीक्षित, सारांश वार्ष्णेय, लव वार्ष्णेय ध्रुव वार्ष्णेय आदि मौजूद थे।

## थाना मुरसान पुलिस द्वारा ०१ अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से ०१ अवैध तमंचा व ०२ जिन्दा कारतूस ३१५ बोर बरामद

(भव्य प्रभात)
हाथरस। पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना मुरसान पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मुरसान में मु0अ0सं0 98/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।
गिरफ्तार अभियुक्त सोना जाट उर्फ जगदीश पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम गदाई थाना मुरसान जनपद हाथरस के विरुद्ध जनपद हाथरस में गैंगस्टर एक्ट, आबकारी अधिनियम, मारपीट के अभियोग पंजीकृत है । जो पूर्व मे जेल भी जा चुका है ।
बरामदगी का विवरण–
01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर ।
गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम–
1– प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार थाना मुरसान जनपद हाथरस ।
2– उ0नि0 श्री शान्ती शरण थाना मुरसान जनपद हाथरस ।
3– का0 593 विवेक फौजदार थाना मुरसान जनपद हाथरस ।

# स्कूल में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

(भव्य प्रभात)
हाथरस। थाना हसायन पुलिस द्वारा थाना हसायन क्षेत्रान्तर्गत स्कूल से हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले एक चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये हुए 02 गैस सिलेंडर बरामद ।
अवगत कराना है कि दिनांक 12.04. 2024 को श्री मनोज कुमार शर्मा निवासी पीएम श्री संविलियन विद्यालय बस्तोई थाना हसायन जनपद हाथरस द्वारा थाना हसायन पर सूचना दी कि की रात्रि में विद्यालय में बनी रसोई में से गैस सिलेंडर, गैस चूल्हे, थाली, गिलास आदि सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गये है । वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हसायन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया ।
उपरोक्त घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा घटना का अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी हसायन को निर्देशित किया गया था । जिसके क्रम में आज दिनांक 17. 04.2024 को थाना हसायन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संविलियन विद्यालय बस्तोई से हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले एक चोर को बस्तोई बम्बा पुलिया से गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से चोरी किये हुए 02 गैस सिलेंडर बरामद हुए है । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हसायन पुलिस द्वारा विधिपूर्ण कार्यवाही की जा रही है ।
गिरफ्तार अभियुक्त कन्हैयालाल उर्फ राजकुमार द्वारा जुर्म का इकबाल करते हुए पूछताछ में बताया गया कि वह अनपढ़ है तथा बाहर रहकर मजदूरी करता है। दिनांक 09ध्10.04.24 की रात्रि में उसने अन्य सहभियुक्तों के साथ मिलकर संविलियन विद्यालय बस्तोई की रसोई की कुंदी तोडकर गैस सिलेंडर, गैस चूल्हे, आटा, गिलास आदि सामान चोरी किया था । उसके हिस्से में 02 गैस सिलेंडर आये थे तथा बाकी सामान सहभियुक्त ले गये थे । घटना में सम्मिलित अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है, शीघ्र ही गिरफ्तारी की जायेगी ।
गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– कन्हैयालाल उर्फ राजकुमार पुत्र रमेश निवासी ग्राम बस्तोई थाना हसायन जनपद हाथरस ।
बरामदगी का विवरण–
02 रसोई गैस सिलेंडर (भारत गैस व इण्डेन गैस ) ।
पंजीकृत अभियोग–
मु0अ0सं0 105ध्24 धारा 457ध्380ध्411 भादवि थाना हसायन जनपद हाथरस ।
गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम के नाम–
1– उ0नि0 श्री रामनरेश थाना हसायन जनपद हाथरस ।
2– है0का0 373 अनिल कुमार थाना हसायन जनपद हाथरस ।
3– का0392 उत्तम कुमार थाना हसायन जनपद हाथरस ।

# बाइक को रोक की मारपीट, छह व्यक्तियों के खिलाफ दी तहरीर

सादाबाद । क्षेत्र के ग्राम पंचायत तसींगा के गांव नीतिनिवासी निवासी घनेन्द्री पत्नी सतेन्द्र कुमार ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। तहरीर में उसने कहा है कि वह मंगलवार दोपहर बाइक पर पुत्री एवं पति के साथ घर से कहीं जा रहे थे । गांव के रास्ते में ही घात लगाकर बैठे छह व्यक्ति जिसमें एक महिला एवं दो युवती शामिल थीं। उन सभी ने उनकी बाइक को रोक लिया और मारपीट करने लगे ।
मारपीट में उसकी पुत्री का सिर फट गया । फोन करने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई उसने ही हम लोगों को किसी तरह से बचा लिया । मारपीट में उसके पति के रु0 भी कहीं गिर गए । उक्त सभी पहले तीन दिन पहले उनसे मारपीट की थी । जिसकी धिशिकायत उसकी सास ने पुलिस से की थी । इसी बात को लेकर उन्होंने एक बार फिर उनके साथ मारपीट की है। पुलिस ने तीनों का सीएचसी में उपचार कराया है।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com
**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक, लेटर पैड, पम्पलेट
पोस्टर, शादी कार्ड, अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग, अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# तिमंजिला रथ पर सवार होकर निकले रामजी





(भव्य प्रभात)
हाथरस 17 अप्रैल । बृज की देहरी हाथरस को मेला और शोभायात्राओं की नगरी भी कहा जाता है। इनमें से एक है श्रीराम नवमी के मौके पर निकलने वाली भगवान श्रीराम की तिमंजिला रथयात्रा। रथयात्रा का अतीत सैकड़ों वर्ष पुराना है। आज 143 वां रथ महोत्सव चावड़ गेट स्थित गमेल वाली बगीची से मूंछों वाले रामचंद्र जी महाराज का तीन मंजिला रथ ट्रस्ट ठा. कृष्ण चंद्र जी महाराज एवम श्री हनुमान जी महाराज हाथरस के अंतर्गत प्रबंधक तुलसी प्रसाद पोद्दार के सानिध्य में निकाला गया। रथयात्रा का शहर के मुख्य बाजारों में जगह–जगह आरती उतारकर तथा फूलों की बरसात से स्वागत किया गया। रथयात्रा में राम–सीता की झाँकी, शंकर–पार्वती की झाँकी, माँ दुर्गा तथा गणेश जी को झांकी आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहीं। माँ काली की शोभायात्रा दाऊजी उस्ताद किशनगुरू के सानिध्य में निकाली गई तथा पटा बनैटी गमेल वाली बगीची के उस्ताद मुन्नालाल शर्मा एडवोकेट तथा अतुल चौधरी वारदाने वाले के सानिध्य में निकाली गई। माँ काली व पटा बनैटी इस मेले की खास पहचान हैं। मूँछों वाले रामचन्द्र जी की आरती शहर के गणमान्य जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई और उन्होंने मूँछों वाले रामचन्द्र जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। रथयात्रा शहर के मुख्य– मुख्य बाजारों से होती हुयी बैनीराम बाग तक पहुँची और बाग बैनीराम में काफी जोर–शोर से आतिशबाजी हुई। रथयात्री बैनीराम बाग से शहर के मुख्य बाजारों से वापिस होती हुयी, गमेल वाली बगीची, चावड़ गेट पर पहुँचकर समाप्त होगी ।

मूँछों वाले रामचन्द्र जी की रथायात्रा में मुख्य रूप से प्रबन्धक तुलसी प्रसाद पोद्दार के अलावा तरुण पोद्दार, पारस, करन, शशांक पोद्दार, आदित्य पोद्दार, मुकुन्द पोद्दार, देवीं गुरू, विश्व गुरू, पिन्टू चूरन वाले, अंकुर अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अतुल कुमार हींग वाले, हनुमान प्लास्टिक वाले, अनन्त शर्मा, अशोक रेमण्ड वाले, पीयूष अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, संजू पान वाले, अरुण कुमार शर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, जय भारती, संस्कार वार्ष्णय, मनीष वार्ष्णेय, कमल वाष्णेय, पवन बंसल, श्रीकृष्ण खेतान, सतीशचन्द टालीवाल एडवोकेट, मनोज शर्मा एडवोकेट, गौरव खण्डेलवाल, धन्नू लाला, धर्मेन्द्र अग्रवाल, राजाराम सोप वाले, विमल राजगढ़िया, प्रदीप राजगढ़िया ,धर्मेन्द्र अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

### ज्ञान कला संजीवनी समिति एवम साहित्यिक संस्था ब्रज कला केंद्र द्वारा का आयोजन

# १९ अप्रैल को होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन



(भव्य प्रभात)
हाथरस। ब्रजभाषा के मूर्धन्य कवि वरिष्ठ साहित्यकार रहे डॉक्टर जगदीश लवानिया की तृतीय पुण्य स्मृति के अवसर पर जगदीश लवानिया द्वारा सृजित संस्था ज्ञान कला संजीवनी समिति एवम साहित्यिक संस्था ब्रज कला केंद्र द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 19 अप्रैल को रात्रि 8रू00 बजे से राधे गार्डन अलीगढ़ रोड पर होने जा रहा है जिसमें देश की लोकप्रिय रस सिद्व कवियत्री एवं उर्दू अदब की लाडली बेटी अंजुम रहबर इंदौर से देश भक्ति एवं वीर रस के सशक्त कवि डॉक्टर कर्नल वीपी सिंह पुणे से हमारी हाथरस जनपद की शान मशहूर गीतकार डॉ विष्णु सक्सेना सिकंद्राराऊ से छंद कविता एवं भक्ति रस की सुप्रसिद्ध कवित्री डॉक्टर सरिता शर्मा दिल्ली से कवि सम्मेलन एवं मुशायरा की जान मशहूर संजीदा शायर कुंवर जावेद कोटा से सुप्रसिद्ध हास्य कवि डॉक्टर अनिल चौबे बनारस से हास्य एवं रसीले कवि अखिलेश द्विवेदी इलाहाबाद से वीर रस के अदभुत कभी अभय निर्भीक अंबेडकर नगर से एवं हाथरस की सरजमी के देश के एकमात्र आशु कवि अनिल बोहरे अपना काव्य पाठ करेंगे पूरा कार्यक्रम स्वर्गीय डॉक्टर जगदीश लवानिया को समर्पित होगा कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध मंच संचालक एवं हास्य व्यंगकार सर्वेश अस्थाना लखनऊ करेंगे कार्यक्रम में डॉ जगदीश लवानिया स्मृति सम्मान से डॉक्टर कर्नल बीपी सिंह को ध्21000 सम्मान राशि प्रशस्ति पत्र एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया जावेगा कार्यक्रम के संरक्षक मंडल में बागला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर महावीर सिंह छोकर लक्ष्मीपत सेकसरिया डॉ मुरारी लाल आदि हाथरस की तमाम क्षेत्र से जुड़ी शख्सियत मौजूद रहेंगी स्वागत समिति में साहित्यिक संस्था ब्रज कला केंद्र एवं ज्ञान कला संजीवनी समिति के समस्त पदाधिकारी व्यवस्थाओं से जुड़े हुए हैं यह जानकारी ज्ञान कला संजीवनी समिति की सचिव एवं कवि सम्मेलन संयोजक डॉक्टर प्रीति लवानिया एवं ब्रिज कला केंद्र के अध्यक्ष व कार्यक्रम के सहसंयोजक चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने दी।

## थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा ०१ अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से १० लीटर अवैध देशी शराब बरामद

(भव्य प्रभात)
हाथरस। पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण तथा बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई है । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 163 / 2024 धारा 60 एक्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त–
सूरज पुत्र बबलू पहलवान निवासी मौहल्ला माइयान बस स्टैण्ड के सामने थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम–
1– उ0नि0 श्री प्रेमपाल सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस ।
2– का0 661 मनोज कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस ।

## थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा ०६ हिस्ट्रीशीटरों की मृत्यु हो जाने के कारण उनके हिस्ट्रीशीट खाका नष्ट किये गये

(भव्य प्रभात)
हाथरस। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लापता हिस्ट्रीशीटरों के सत्यापन हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर की निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा 06 हिस्ट्रीशीटरों की मृत्यु हो जाने के कारण उनके हिस्ट्रीशीट खाका नियमानुसार नष्ट कराए गये हिस्ट्रीशीटरों का नाम व पता जिनके एचएस खाका नष्ट किये गये–

1– एचएस खाका नं0–38 । कंचन सिंह पुत्र भगवान सिंह ठाकुर निवासी ज्ञानगढ बगीची थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस ।
2– एचएस खाका नं0–39 । भगवानदास पुत्र मवासी कहार निवासी टिपरस थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस ।
3– एचएस खाका नं0–68 । मलूका पुत्र खूबीराम निवासी सरंगपुरा थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस ।
4– एचएस खाका नं0–58 । नारायन पुत्र भोलाशंकर निवासी कैलाशनगर थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस ।
5– एचएसखाका नं0–31 । पप्पू पुत्र राम सिंह निवासी लहरा थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस ।
6– एचएस खाका नं0–47 । नसीम उर्फ नेता पुत्र सिकन्दर निवासी कैलाश नगर थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस

## अवैध तमंचा ,कारतूस सहित एक गिरफ्तार

(भव्य प्रभात)
हाथरस। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति / वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है ।थाना सादाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 230 / 2024 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम ऊँचागॉव थाना सादाबाद जनपद हाथरस के विरुद्ध जनपद हाथरस में चोरी, मारपीट के अभियोग पंजीकृत है । जो पूर्व मे जेल भी जा चुका है ।

# आईपीएल में रन चेज के बादशाह बने जोस बटलर

## गेल को इस मामले में पीछे छोड़ा, नरेन के नाम भी खास रिकॉर्ड

कोलकाता। बटलर ने 60 गेंद में नौ चौके और छह छक्कों की मदद से 107 रन की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 178.33 का रहा। यह आईपीएल में उनका सातवां शतक और इस सीजन उनका दूसरा शतक रहा। आईपीएल 2024 में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच एक दिलचस्प मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में राजस्थान ने आखिरी गेंद पर जीत हासिल की। 224 रन के लक्ष्य को राजस्थान ने आठ विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल में सबसे बड़ा रन चेज है। आरआर ने इस मामले में चार साल पुराने अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी की। वहीं, केकेआर के सुनील नरेन और फिर आरआर के जोस बटलर के शतक ने इस मैच में चार चांद लगा दिया। दोनों ने कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए। आइए जानते हैं... बटलर की तूफानी पारी बटलर ने 60 गेंद में नौ चौके और छह छक्कों की मदद से 107 रन की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 178.33 का रहा। यह आईपीएल में उनका सातवां शतक और इस सीजन उनका दूसरा शतक रहा। इससे पहले उन्होंने आरसीबी के खिलाफ नाबाद 100 रन की पारी खेली थी। आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में वह दूसरे नंबर पर आ गए हैं। बटलर ने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ा, जिन्होंने इस लीग में छह शतक लगाए थे। वह सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले विराट कोहली के रिकॉर्ड से बस एक शतक दूर हैं। विराट कोहली ने इस सीजन राजस्थान के खिलाफ ही आईपीएल करियर का आठवां शतक लगाया था। प्च्स् में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी




खिलाड़ी शतक विराट कोहली 8 जॉस बटलर 7 क्रिस गेल 6 केएल राहुल 4 डेविड वार्नर 4 शेन वॉटसन 4 रन चेज में सबसे ज्यादा शतक बटलर के नाम वहीं, आईपीएल में रन चेज में शतक लगाने के मामले में बटलर कोहली से आगे निकल गए हैं। रन चेज करते हुए इस लीग में यह बटलर का तीसरा शतक रहा। वहीं, कोहली और बेन स्टोक्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए दो–दो शतक जड़े हैं। बटलर का यह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दूसरा शतक रहा। आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक के मामले में वह संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। इस मामले में शीर्ष पर केएल राहुल हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन शतक जड़े हैं। आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक खिलाड़ी खिलाफ शतक केएल राहुल डप् 3 जोस बटलर झ्ज़त 2 जोस बटलर त्ब्ठ 2 क्रिस गेल प्ठझ्ै 2 विराट कोहली ळस् 2 डेविड वॉर्नर झ्ज़त 2 बटलर के आठों टी20 शतक पर जीती उनकी टीम आईपीएल में यह छठी बार है जब किसी एक मैच में एक से ज्यादा शतक लगे हैं। इस सीजन ऐसा दो बार हो चुका है। इससे पहले बेंगलुरु और राजस्थान के खिलाफ मैच में भी दो शतक लगे थे। तब विराट और बटलर ने शतक जड़े थे। साल 2023 में भी ऐसा दो बार हुआ था। बाकी दो मौके उससे पहले के सीजन में आए थे।

## ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के लिए बेहतर पासिंग और तालमेल की जरूरतः रूपिंदर

भारतीय पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0–5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम से जुलाई–अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी।रुपिंदर सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5–1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी जिसमें नये वैरिएशन और खिलाड़ियों को आजमाया गया था।'' आस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के तरीके के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि नये तरह की पासिंग से निपटा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया, ''आस्ट्रेलिया से निपटने के लिए उच्च स्तर के तालमेल की जरूरत है जिसमें डिफेंडर से डिफेंडर तक गेंद ट्रांसफर, मिडफील्ड में डिफेंडरों के तेज पास, ऊपर के पास इस तरह की शैली से निपटने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

## सात महीने में चार खिताब, कोलकाता के 'बिग थ्री' की सफलता का बड़ा असर होगा

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मंगलवार को कहा कि कोलकाता के 'बिग थ्री' – मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग – की सफलता का सिर्फ राज्य फुटबॉल पर ही व्यापक प्रभाव नहीं पड़ेगा बल्कि इसका देश में खेल पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सात महीने में चार खिताब और 'भारतीय फुटबॉल का मक्का' कहा जाने वाला कोलकाता सोमवार को यहां खचाखच भरे सॉल्ट लेक स्टेडियम में मुंबई सिटी एफसी पर 2–1 की जीत के बाद मोहन बागान के पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की 'लीग विजेता शील्ड' जीतने का जश्न मना रहा है। चौबे ने पीटीआई से कहा, ''आईएसएल शील्ड, आईलीग ट्रॉफी, सुपर कप और डूरंड कप को पश्चिम बंगाल में लाना राज्य में नए जमाने के फुटबॉल और इन क्लबों का फुटबॉल के नए मानदंडों के अनुकूल होने का संकेत है।'' उन्होंने कहा, ''कोलकाता के तीन दिग्गजों को पश्चिम बंगाल, भारत और विश्व स्तर पर प्रशंसकों का भारी समर्थन हासिल है। मुझे यकीन है कि मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की सफलता, और साथ ही मोहम्मडन स्पोर्टिंग के अगले सत्र में आईएसएल में शामिल होने से भारतीय फुटबॉल पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा।'' इसकी शुरुआत मोहन बागान ने पिछले साल तीन सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल को 1–0 से हराकर 23 साल में अपने पहले डूरंड कप खिताब के साथ सत्र शुरू करके की। ईस्ट बंगाल ने 29 जनवरी को भुवनेश्वर में ओडिशा एफसी को 3–2 से हराकर सुपर कप जीता। इससे उनके 12 साल के ट्रॉफी के सूखे का अंत हुआ। कई बार निचली लीग में खिसकने के बाद वापसी करते हुए मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने इस महीने की शुरुआत में शिलांग लाजोंग एफसी को 2–1 से हराकर एक दौर शेष रहते हुए आईलीग का खिताब जीता और आईएसएल में जगह बनाई। इसके बाद मोहन बागान ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में रिकॉर्ड 61,000 से अधिक घरेलू दर्शकों के सामने आईएसएल शील्ड जीती। टीम की नजरें अब आईएसएल ट्रॉफी जीतकर सत्र का अंत करने पर टिकी हैं।

## म्यूचुअल फंड उद्योग की परिसंपत्तियां 2023–24 में 35प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 53.4 लाख करोड़ पर

नयी दिल्ली। म्यूचुअल फंड की कंपनियों की परिसंपत्तियां वित्त वर्ष 2023–24 में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 53.40 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गईं। इस दौरान खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और शेयर बाजारों में तेजी से उद्योग को समर्थन मिला। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि यह वृद्धि वित्त वर्ष 2020–21 के बाद से सबसे अधिक है। उस समय यह 41 प्रतिशत रही थी। म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) में मजबूत बढ़त के साथ ही निवेशकों की संख्या में भी अच्छी वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2023–24 के अंत में निवेशकों की संख्या 17.78 करोड़ के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी। इस दौरान निवेशकों की संख्या लगभग 4.46 करोड़ बढ़ गई। निवेशकों में लगभग 23 प्रतिशत महिलाएं थीं, जबकि पुरुष लगभग 77 प्रतिशत थे। व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) में मार्च, 2024 में शुद्ध निवेश बढ़कर 19,300 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2023–24 में एसआईपी में शुद्ध निवेश दो लाख करोड़ रुपए रहा। इससे निवेशकों के बढ़ते विश्वास और अनुशासित निवेश करने की प्रवृत्ति का पता चलता है।



## सुनील नारायण को संन्यास वापस लेने के लिए मना रहे रॉवमैन पॉवेल


वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा है कि फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के इस स्टार खिलाड़ी ने अब तक उन सभी लोगों को 'ब्लॉक' (फोन नंबर ब्लॉक करना) कर दिया है जिन्होंने उनके बात करने की कोशिश की है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने आखिरी बार अगस्त 2019 में वेस्टइंडीज के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। लेकिन इस आईपीएल सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से उनकी शानदार फॉर्म को देखते हुए जून में कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए नारायण को अपने फैसले को बदलने के लिए मनाने की कोशिश की गई है। नाइट राइडर्स के खिलाफ 224 रन के आईपीएल के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए।


# एम्मा वाटसन अपने पति डेव मैकरी के साथ यूनिवर्सल पिक्चर्स के प्रोजेक्ट के लिए सहयोग करेंगी



एंटरटेनमेंट आउटलेट वैरायटी ने उल्लेख किया है कि अभिनेत्री इस विशेष परियोजना के लिए अपने पति डेव मैकरी के साथ भी सहयोग करेगी। यदि अंतिम रूप दिया जाता है, तो डेव मैककरी पैट्रिक कांग और माइकल लेविन द्वारा लिखित पटकथा से फिल्म का निर्देशन करेंगे। एम्मा स्टोन, जो पुअर थिंग्स, ला ला लैंड सहित अपनी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं, यूनिवर्सल पिक्चर्स के लिए एक अभी तक शीर्षक वाली फिल्म में अभिनय करेंगी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, एंटरटेनमेंट आउटलेट वैरायटी ने उल्लेख किया है कि अभिनेत्री इस विशेष परियोजना के लिए अपने पति डेव मैकरी के साथ भी सहयोग करेगी। यदि अंतिम रूप दिया जाता है, तो डेव मैककरी पैट्रिक कांग और माइकल लेविन द्वारा लिखित पटकथा से फिल्म का निर्देशन करेंगे। कथानक का विवरण गुप्त रखा गया है। शॉन लेवी, डैन कोहेन और डैन लेविन 21 लैप्स के माध्यम से फिल्म का निर्माण करेंगे। माइकल एच. वेबर इसका निर्माण भी करेंगे। एम्मा स्टोन और डेव मैककरी जो 2020 में शादी के बंधन में बंधे और एक बेटी के माता–पिता हैं, और अली हर्टिंग फ्रूट ट्री के माध्यम से निर्माण करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। स्टोन ने हाल ही में योर्गोस लैंथिमोस की ष्पुअर थिंग्सष के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दूसरा अकादमी पुरस्कार जीता। उन्होंने इससे पहले 2016 की फिल्म ष्ला ला लैंडष के लिए ट्रॉफी जीती थी। पुअर थिंग्स में एम्मा स्टोन ने बेला बैक्सटर की भूमिका निभाई। फिल्म एक अपरंपरागत वैज्ञानिक, एक युवा महिला की कहानी बताती है जो महाद्वीपों में एक तूफानी साहसिक यात्रा पर एक वकील के साथ भाग जाती है। अपने समय के पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर, वह समानता और मुक्ति के लिए खड़े होने के अपने उद्देश्य में दृढ़ हो जाती है। एम्मा स्टोन की झोली में दो और परियोजनाएँ भी हैं जिनमें काइंड्स ऑफ काइंडनेस और एडिंगटन शामिल हैं। काइंड्स ऑफ काइंडनेस में, फिल्म में जेसी पेलेमन्स, विलेम डेफो, मार्गरेट क्वालली, होंग चाऊ, जो अल्विन और हंटर शेफर भी शामिल होंगे। एडिंगटन में रहते हुए, फिल्म में जोक्विन फीनिक्स, पेड्रो पास्कल, ऑस्टिन बटलर, ल्यूक ग्रिन्स, डिएड्रे ओश्कोनेल, माइकल वार्ड और क्लिफ्टन कॉलिन्स जूनियर सहित अन्य लोग शामिल होंगे।





## मानुषी छिल्लर ने स्टायलिश आउटफिट में बिखेरा जलवा, एक्ट्रेस की मदमस्त आंखों ने फैंस का चुराया दिल

पूर्व मिस वर्ल्ड व एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बड़े मिया छोटे मिया को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। उनका स्टाइलिश लुक देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस का दिल अपने नाम करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक–धक करने लग जाएगा. मानुषी ने फ्लोरल ऑफ शोल्डर ड्रेस पहना है. लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और बालकनी में खड़े होकर सेक्सी पोज दे रही हैं. पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपने लुक्स से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचना बखूबी जानती हैं। वहीं उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस भी अक्सर मदहोश हो जाते हैं। मानुषी छिल्लर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। एक्ट्रेस की मदमस्त आंखें देख यूजर्स अपना दिल हार बैठे हैं और तारीफों के पुल बांध रहे हैं. मानुषी हाल ही में रिलीज हुई एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आई हैं. एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर को ये फोटोज पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक हजारों में लाइक्स आ गए हैं।

# श्रीराम नवमी शोभा यात्रा में शामिल हुए हजारों राम भक्त





नसीराबाद,रायबरेली। राम लला के जन्म दिवस चौत्र रामनवमी के पवित्र अवसर पर थाना क्षेत्र नसीराबाद के मवैया मजरे अशरफपुर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्र के हजारों पुरुष महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।रथ पर सजी श्री राम दरबार की भव्य झाँकी,डीजे और पचासों चार पहिया वाहनों के साथ निकली तो दुनिया में बस एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के नारे से आसमान गूँज उठा। झूमते नाचते राम भक्त गांव की गलियों में चल पड़े तो तेज धूप और लू के थपेड़े भी उनके कदम रोक नहीं सके। यात्रा आरंभ होने के पहले बहुत ही दिव्य ढंग से सजाए गए मंच पर राम दरबार की झांकी प्रस्तुत की गई। राम,लक्ष्मण,सीता, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान के रूप में कलाकारों की प्रस्तुति ने लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम के आयोजक हरिकेश साहू, विजय राष्ट्रवादी, चौतन्य सिंह भदौरिया, अभय प्रताप सिंह, अक्षय राष्ट्रवादी, सूर्यभान मिश्र की देखरेख में संपन्न हुई शोभा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार कोरी और आरएसएस के जिला सह संचालक देवेन्द्र बहादुर जी सहित लगभग एक हजार महिलाएं भी शामिल हुईं। शोभा यात्रा मवैया से चलकर निर्धारित रास्ते से होती हुई नई दुनियां, लहेंगा, पूरे अहिरन, सकराही, रमसापुर आदि गांवों में जय श्री राम के नाम का गुंजार करती वापस मवैया गांव पहुंची। रास्ते में जगह–जगह लोगों ने फूल बरसा कर स्वागत किया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में यात्रियों के जलपान की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर राजस्व और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए थे।

## लेखपाल के साथ अभद्रता,जान से मारने की दी धमकी

बांदा,(यूएनएस)। जसपुरा क्षेत्र के लेखपाल तनगा मऊ में आगजनी की जांच करने जा रहे लेखपाल को रास्ते पर ही रोककर गांव के दबंग लोगों ने गाली–गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद लेखपाल ने थाने में जाकर तहरीर दी है। वहीं, पुलिस ने मामले को दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। राकेश कुमार अग्निहोत्री क्षेत्र कनाखेड़ा इंचार्ज गाजीपुर तहसील पैलानी में लेखपाल पद पर कार्यरत हैं। गाजीपुर में क्राफ्ट कटिंग करवाने के बाद गजपुरवा होते हुए कनाखेड़ा फसल में आग लगने की जांच करने जा रहे थे। तनगामऊ के रोड पर ही शिवनारायण पुत्र मन्ना कुशवाहा और कालका प्रसाद पुत्र जगन्नाथ खड़े थे। वहीं, पर गाड़ी रुकवाई और गाली–गलौज व जान से मारने की धमकी दी और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई। इसके बाद लेखपाल ने दोनों के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र थाना जसपुरा में दिया, जिसके बाद दोनो के खिलाफ धारा मुकदमा पंजीकृत किया गया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जसपुरा प्रभारी राजेन्द्र सिंह रजावत ने बताया कि प्रार्थी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छात्राओं ने मतदान करने व करवाने की ली शपथ

बांदा,(यूएनएस)। मतदाता जागरूकता अभियान के चलते बुधवार को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में सभी छात्राओं और शिक्षकों ने सुबह सबसे पहले मतदान स्थल पर जाकर खुद और लोगों से वोट डलवाने की शपथ ली। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपाली ने कहा कि मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होगा, इसलिए हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

## गेहूं खरीदने के लिए किसानों के दरवाजे पर पहुंचा प्रशासन

बांदा,(यूएनएस)। जिला प्रशासन गेहूं खरीद के लिए खुद किसानों के दरवाजे पहुंचा। डीएम, एडीएम, विपणन विभाग के अधिकारी केंद्र प्रभारी के साथ पचनेही गांव पहुंचे और यहां कांटा लगवाकर किसानों के गेहूं की तौल कराई। डीएम ने गेहूं बेचने वाले किसानों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। विपणन विभाग की मोबाइल टीम ने 392 क्विंटल गेहूं खरीदा और किसानों का तुरंत आनलाइन भुगतान किया गया।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और एडीएम राजेश कुमार, विपणन अधिकारी समीर शुक्ला मंगलवार को पचनेही गांव पहुंचे। यहां खरीद केंद्र की तीन टीमों ने कांटा लगाया और किसानों का गेहूं तौला गया। डीएम ने 103 क्विंटल गेहूं बेचने वाली महिला किसान सोनू देवी व 98 क्विंटल गेहूं बेचने वाली रेखा, 84 क्विंटल गेहूं बेचने वाली साधना सहित किसान दिलीप सिंह, समेल सिंह, अमित सिंह, अनुज सिंह, अमित सिंह, शैलेंदर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, राकेश सिंह आदि को सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि किसानों का 48 घंटे के अंदर गेहूं का भुगतान कराया जाए। इस दौरान पपरेंदा, गोखरही, पचनेही के किसानों ने करीब नौ सौ क्विंटल गेहूं अपने दरवाजे पर ही बेचा। जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे सहित क्रय केंद्र प्रभारी प्रीतम सिंह, मनीष कुमार तिवारी, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## खराब कटहल देने पर भिड़े दुकानदार और ग्राहक,चले लाठी-डंडे

उरई/जालौन,(यूएनएस)। जिले में खराब कटहल देने को लेकर पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर दुकानदार और ग्राहक के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि उनके बीच मारपीट होने लगी, इस मारपीट से इलाके में हड़कंप मच गया। मारपीट की घटना देख आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने मारपीट करने वालों को अलग करने का प्रयास किया, पर मारपीट करने वाले एक दूसरे पर लाठी बरसाते रहे। इस दौरान लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें अलग कराया। इस दौरान मौजूद अन्य लोगों ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया, जिसका संज्ञान लेने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट करने वाले चार लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई, जिन पर कार्रवाई शुरू कर दी। घटना कालपी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला टरननगंज इलाके की है। यहां स्थित पुलिस चौकी से महज चंद कदम की दूरी पर ग्राहक और दुकानदार के बीच कटहल की सब्जी खराब देने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि उनके बीच हाथापाई शुरू हो गई, जिसे देखकर दुकानदार और ग्राहक की तरफ से अन्य लोग भी आ गए और यह मारपीट लाठी डंडों पर आ गई।


# निःशुल्क शीतल जल की व्यवस्था मानवता का धर्म – राजा हर्षेन्द्र सिंह

*श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा मुकेश कम्प्यूटर्स संस्थान में निःशुल्क प्याऊ का शुभारम्भ*

रायबरेली। मानव सेवा के लिए विश्व विख्यात संस्था श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम के संयोजन में शहर के कोतवाली रोड स्थित मुकेश कम्प्यूटर्स के पास निःशुल्क प्याऊ का संचालन महान औघड़ सन्त अवधूत भगवान एवं पूज्य गुरूपद सम्भव राम जी के चित्रों पर मार्ल्यापण एवं पूजन–अर्चन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर समूह के उपाध्यक्ष राजा हर्षेन्द्र सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्मी से व्यथित व्यक्ति को निःशुल्क शीतल जल, गुड़ की व्यवस्था के साथ आपूर्ति करने से व्यथित व्यक्ति की आत्मा को शांति मिलती है, यह मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। समूह के व्यवस्थापक बृजेश सिंह ने कहा कि पूज्य अघोरेश्वर की कृपा से इसी स्थान पर निःशुल्क प्याऊ की स्थापना का यह ग्यारहवाँ वर्ष है। संयुक्त मन्त्री अभिषेक विक्रम सिंह ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा जाड़े के मौसम में ठंड से निजात दिलाने हेतु कम्बल व रजाई का वितरण भी किया जाता है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा मानव कल्याण की अनेक योजनायें संचालित की जाती है। विशेष बात यह है कि संस्थान में किसी प्रकार का सरकारी सहयोग नहीं लिया जाता है।इस अवसर में मुख्य रूप से शिवलखन सिंह, रमेश सिंह, राजन रस्तोगी, शैलेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, विमल सिंह, पूर्व सभासद एस.पी. सिंह, सचिन सोनकर, निवेदिता रस्तोगी, जानकी रस्तोगी, रामशरन यादव, महेन्द्र सिंह भदौरिया, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, ध्रुव देव सिंह, जितेन्द्र सिंह, मनीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# घर बैठे 89 प्रतिशत बुजुर्ग और दिव्यांग ने किया मतदान, प्रशासन की 20 टीमों ने कराई वोटिंग

नोएडा,(यूएनएस)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर घर–घर चले अभियान के तहत 89 प्रतिशत बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता ने प्रतिभाग किया। शेष मतदाता चिकित्सीय और अन्य कारणों से घर पर नहीं मिले। अब इन्हें 26 अप्रैल को मतदान करने का मौका मिलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में 80 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता की संख्या 22118 हैं। इसमें से 424 मतदाता ने घर पर ही रहकर पोस्टल बैलट से मतदान करने की इच्छा जाहिर की थी। इसको लेकर प्रशासन की ओर से 20 टीमों ने सोमवार और मंगलवार को घर–घर जाकर मतदान कराया। सोमवार को जहां 355 मतदाता ने वोट किया वहीं मंगलवार को सिर्फ 22 मतदाता ने वोट किया। यानी 424 में से 377 मतदाता ने अपने मत का प्रयोग किया। शेष 47 मतदाता चिकित्सीय कारणों से घर पर नहीं थे। पूरे मतदान प्रक्रिया की वीडियो



ग्राफी कराई गई। वहीं राजकीय बालिका इंटर कालेज होशियारपुर सेक्टर–51 में मतदान कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को पोस्टल बैलट एवं निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र की सुविधा प्रत्येक विधानसभावार फैसिलिटेशन सेंटर पर उपलब्ध कराई गयी है। उक्त सुविधा समस्त मतदान कार्मिक को दोबारा से 18 और 19 अप्रैल को भी उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक विधानसभा वार फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किये गये है। जिन पर गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र में सम्मिलित समस्त मतदान कार्मिक अपना मत पोस्टल बैलट या निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के द्वारा अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले समस्त मतदान कार्मिक जिस बूथ पर उनकी ड्यूटी लगायी गई है उसी बूथ पर ईवीएम के माध्यम से अपने मत का प्रयोग कर सकते है।

भव्य प्रभात

## संवेदनहीनता के अस्पताल

आये दिन छोटे–बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों में ऐसे किस्से उजागर होते हैं, जो चिकित्सा–तंत्र की संवेदनहीनता को दर्शाते हैं। लेकिन लुधियाना के सिविल अस्पताल में एक मरीज के साथ एक ही बैड में शव रखना वाकई परेशान करने वाली घटना है। हालांकि, पहले कहा गया कि अज्ञात मरीज का शव एक अन्य मरीज के बिस्तर पर दो घंटे से अधिक समय तक रहा, बाद में विभागीय जांच में अवधि को 37 मिनट बताया गया। बहरहाल, घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले में प्रशासनिक जांच के आदेश दिये गए हैं, लापरवाही की जवाबदेही तय करके कार्रवाई की बात कही जा रही है। निश्चित रूप से घटना परेशान करती है। निस्संदेह, उस मरीज की मनःस्थिति को समझा जा सकता है जो शव के साथ लेटा रहा होगा। यह घटना हमारे सरकारी अस्पतालों की बदहाली को बताती है, जिसके चलते कि एक बैड पर दो–दो मरीजों को लिटाया जाता है। ऐसे में रोगियों को अन्य संक्रमण होने की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। विडंबना ये है कि इन अस्पतालों में वे ही मरीज आते हैं, जो मजबूरी के मारे होते हैं। वे प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने में सक्षम नहीं होते। बताया जाता है कि मरने वाले मरीज को नौ अप्रैल को लुधियाना के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी जांघ की हड्डी टूटी थी। इस अज्ञात मरीज के साथ कोई तीमारदार भी नहीं था। लगता है कि उसे समय रहते पर्याप्त उपचार नहीं मिल पाया। बताया जाता है कि बारह अप्रैल को किसी डॉक्टर ने मरीज की फाइल में नोट लिखा कि मरीज बिस्तर पर नहीं पाया गया, जबकि मरीज चलने–फिरने में सक्षम नहीं था। उसकी फाइल में कुछ और नोट्स भी हैं लेकिन लिखने वाले डॉक्टर का नाम उसमें नहीं था। चौदह अप्रैल को मरीज को दूसरे अस्पताल में रैफर किया गया, लेकिन रैफर करने वाले डॉक्टर का उसमें उल्लेख नहीं है। कालांतर 15 अप्रैल को मरीज की सुबह ग्यारह चालीस पर मौत होना बताया गया है। शव को सवा बारह बजे के बाद मोर्चरी में शिफ्ट किया जाना बताया गया। मामले के तूल पकड़ने के बाद लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर ने मामले की जांच शुरू की है। बहरहाल, मामले की हकीकत जांच के बाद ही सामने आ पाएगी। लेकिन घटना ने एक बार फिर सिविल अस्पतालों में प्रबंधन की खामियों को उजागर ही किया है। बताते हैं कि नौ अप्रैल को भर्ती अज्ञात मरीज को ग्यारह अप्रैल तक उपचार नहीं मिला। कहना कठिन है कि उस मरीज के साथ क्या हादसा हुआ जिससे उसकी जांघ की हड्डी टूटी। क्या वो कोई राहगीर था जो किसी वाहन से हुई दुर्घटना का शिकार हुआ? यदि वह स्थानीय था तो उसके तीमारदार क्यों नहीं आए? क्या वह किसी आपराधिक साजिश का शिकार हुआ? बहरहाल, एक बात तो तय है कि दुर्भाग्य का मारा अज्ञात मरीज सिविल अस्पताल में कोताही का शिकार हो गया। बहुत संभव है कि समय रहते उसे उपचार मिलता तो शायद उसकी जान बच जाती। सवाल यह है कि गरीबों की अंतिम उम्मीद बने सरकारी अस्पतालों की बदहाली सुधारने के प्रयास क्यों नहीं किये जाते? लुधियाना जैसे बड़े व समृद्ध शहरों में तमाम व्यक्ति व समाजसेवी संगठन जनसेवा हेतु सक्रिय रहते हैं, क्यों नहीं इन अस्पतालों में पर्याप्त बैड उपलब्ध कराने के प्रयास होते हैं? तमाम राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में पैसा पानी की तरह बहाया जाता है, क्यों नहीं समाज के अंतिम व्यक्ति के उपचार के लिये आखिरी आश्रय स्थल सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के लिये योगदान दिया जाता? हमारे जनप्रतिनिधि क्यों नहीं इस दिशा में पहल करते? जनता को इन अस्पतालों में जीवन रक्षा उपकरणों व बैड आदि की व्यवस्था कराने के लिये सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर यह भी हकीकत है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों का भारी दबाव है। अस्पतालों को पर्याप्त मात्रा में ग्रांट भी उपलब्ध नहीं करायी जाती ताकि उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो सके। विडंबना यह भी कि यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों का भी अभाव है। युवा डॉक्टर मरीजों के दबाव व आर्थिक लाभों के सम्मोहन में सरकारी सेवाओं में आने से कतराने लगे हैं।

# दल बदल की बढ़ती प्रवृत्ति से घटती राजनीति की साख


दल बदल भारतीय राजनीति का मानो एक रिवाज सा बन गया है। इस बार भी आम चुनावों के समय नेताओं का एक दल छोड़कर दूसरे दल में जाने का खेल जारी है। वैसे हर बार चुनावों के इस दौर में 'आयाराम–गयाराम' के खेल में कभी कोई एक पार्टी बाजी मारती है तो कभी कोई दूसरी पार्टी। चुनावों में आचार संहिता के चलते कई प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, लेकिन राजनीति में दल–बदल का दौर चुनावों के दौर में ही सबसे ज्यादा होता है। सत्ता का स्वाद ही ऐसा होता है कि कोई भी राजनीतिक दल इससे अछूता नहीं रहता। इसीलिए आजकल दल–बदलने का दौर खूब हो रहा है। यह बात दूसरी है कि ज्यादातर नेताओं में भाजपा का दामन थामने की होड़ मची है। दल–बदल की प्रवृत्ति राजनीतिक चकाचौंध के वर्तमान माहौल में पिछले तीन दशक से काफी तेजी से बढ़ती आई है। दल बदलुओं को अपना मंच देकर राजनीतिक दल आम आदमी के मन में निराशा पैदा करते हैं। ईमानदार, अच्छी सोच वाले दूरदर्शी नेता लुप्त होते जा रहे हैं। सभी सेलिब्रिटी आखिर सत्ता की तरफ ही क्यों भागते हैं? पूर्व न्यायाधीश हों, पूर्व अधिकारी अथवा अभिनेता और खिलाड़ी वे राजनीति में आएं इससे कोई इनकार नहीं करेगा। अगर भाजपा की विचारधारा विजेंदर या उन जैसे लोगों को अच्छी लगती है तो सवाल यह भी है कि पिछले पांच साल तक वे कांग्रेस में क्यों रहे? ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या ऐसा करके राजनीतिक दल और उनके नेता हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल मंत्र और चुनाव–व्यवस्था और संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ नहीं करते? राजनीतिक दलों और नेताओं को लगता है कि कोई फर्क ही नहीं पड़ता। इसमें वे कुछ गलत, अनैतिक देखते ही नहीं एक दिन पहले भाजपा पर निशाना साधने वाले मुक्केबाज विजेंदर ने कांग्रेस से नाता तोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। महज चौबीस घंटे में विजेंदर का दिल क्यों बदल गया, इसका जवाब तो उनको ही देना चाहिए था, लेकिन घर वापसी और अपने दल में दम घुटने का बहाना ही नेताओं के पास रहने लगा है। ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं है जो गत वर्ष के अंत में हुए विधानसभा चुनावों में एक पार्टी के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार थे तो अब दूसरी पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर मैदान में उतरते दिख रहे हैं। ऐसे नेता फिर किसी नई पार्टी में नहीं जाएंगे इसकी क्या गारंटी है? अच्छे लोग राजनीति में यदि सिर्फ पद पाने के लिए ही आए तो उसे क्या माना जाए? ऐसी जानी–मानी हस्तियां भी हैं जो आज यहां और कल वहां के उदाहरण पेश कर चुकी हैं। ऐसी सेलिब्रिटी को पार्टी में शामिल होते ही टिकट से पुरस्कृत कर दिया जाता है। राजनीतिक दलों को इस बात पर विचार तो करना ही चाहिए कि आखिर कौन, किस इरादे से पार्टी में आ रहा है। आखिर इसे क्यों उचित माना जाता है? यह उचित इसलिए नहीं है कि दल विशिष्ट राजनीतिक विचारधारा के आधार पर बनते हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां पर सरकारें चुनावों के माध्यम से चुनी जाती हैं। सत्ता हासिल करने के लिए नेता दल बदलने में देर नहीं लगाते हैं। बिना सिद्धांत के दूसरी पार्टी में ऐसे जम जाते हैं, जैसे वे शुरू से इसी पार्टी में हों। नेताओं का लक्ष्य सिर्फ सत्ता प्राप्ति है। उनके लिए न तो कोई लोकमत का महत्व है, न ही जनतंत्र का।उनके न कोई मूल्य हैं और न ही सिद्धांत। वे सत्ता की चाह में साम, दाम, दंड, भेद सब अपनाते हैं। नेताओं को चुनाव के लिए टिकट का न मिलना दलबदल का प्रमुख कारण है। जब किसी दल के किसी सदस्य को या उसके साथी को पार्टी टिकट नहीं मिलता है, तो वह उस दल को छोड़ देता है। नेता अपने स्वार्थ के लिए दल बदलते हैं। उन्हें सत्ता की ताकत और पैसों की चमक ऐसा करने के लिए प्रेरित करती है। जिनको सच में समाज या देश की सेवा करनी होती है, वे दलबदल पर ध्यान नहीं देते। इस हमाम में सब नंगे हैं। साम, दाम, दंड, भेद से सत्ता हथियाने की इच्छा से कोई दल अछूता नहीं है। वर्तमान में राजनीति धन अर्जित करने का सबसे सरल और सुरक्षित साधन है। हमारे देश के ज्यादातर नेताओं का कोई राजनीतिक सिद्धांत नहीं है और सिद्धांत विहीन राजनेता ही अपनी सुविधा के अनुसार दल बदलते रहते हैं। यह भी कटु सत्य है कि आज बहुत सारे नेता जन सेवा के बहाने तरह–तरह के कारोबार में लिप्त हैं। ऐसा भी नहीं है कि उनके सारे व्यापार नियमानुकूल और साफ–सुथरे हैं। अवैध–धंधों और नियम–विरुद्ध काम करने के लिए कई नेता कुख्यात हैं। वे कानून की पकड़ से बचने के लिए हर समय सत्ता पक्ष में रहना चाहते हैं।इसलिए जो दल सत्ता में आए, उसके साथ हो जाते हैं। देश में लगातार दल बदल की घटनाओं के साथ नेताओं के व्यक्तिगत हित की चर्चा भी व्यापक तौर पर होती हैं असर विभिन्न स्तर के चुनाव में वोटिंग परसेंटेज में गिरावट के तौर देखा जा सकता है। निस्संदेह,यह घटनाक्रम भारतीय राजनीति में नैतिक मूल्यों के पराभव का चित्र भी उकेरता है। जो बताता है कि सत्ता में आने की बेचैनी जनप्रतिनिधियों को किसी भी हद तक ले जा सकती है। फार्म हाउसों और गेस्ट हाउसों में घेर कर ले जाये जाते विधायक इस दयनीय स्थिति को ही उजागर करते हैं। जो राजनीतिक पंडितों के लिये अध्ययन का विषय होना चाहिए कि विपक्ष में बैठने में विधायकों में बेचैनी क्यों होती है और वे स्वार्थों के लिये जनता के विश्वास से छल क्यों करते हैं। नेताओं के बीच दलबदल जितना सहज और सरल हो गया है, वोटर के लिए नेता उतना ही अविश्वसनीय होता जा रहा है. यद्यपि आजादी के बाद से ही नेताओं की छवि पर सवाल खडे होते रहे हैं. जन सेवा का भाव ही नेताओं के एजेंडे से गायब होता जा रहा है। किसी भी स्तर का चुनाव जीतने के बाद नेताओं के रहन–सहन में जो बदलाव लाता है,वह वोटर की निगाह से बच नहीं पाता. देश में लगातार दल बदल की घटनाओं के साथ नेताओं के व्यक्तिगत हित की चर्चा भी व्यापक तौर पर होती है. असर विभिन्न स्तर के चुनाव में वोटिंग परसेंटेज में गिरावट के तौर देखा जा सकता है। ऐसे ढेरों उदाहरण मौजूद हैं कि नामी–गिरामी लोगों ने राजनीति में प्रवेश किया, टिकट भी मिला और चुनाव जीते भी। उसके बाद जनता से जुड़ ही नहीं पाए और अगले चुनाव में इनका टिकट कट गया। देश में लंबे समय से चुनाव सुधारों पर चर्चा चल रही है लेकिन चर्चा इस पर भी होनी चाहिए कि टिकट किसे और क्यों दिया जाए? पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर चंद घंटों पहले पार्टी में शामिल होने वाले को टिकट देना कहां तक उचित है। दलों को विचार करना ही होगा कि राजनीति के मायने चुनाव जीतना भर ही है या फिर वे विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को मौका देकर राजनीति को स्वस्थ रखना चाहते हैं। वर्तमान में दलबदल कानून का प्रभाव न के बराबर है। इस कानून को हर बार टंगड़ी मार दी जाती है और शोर भी नहीं होता। इस कानून की खामियां भी कई बार सामने आती हैं, जिसे दूर किया जाना भी बहुत जरूरी है। यह कानून थोक दलबदल को मान्यता देता है, अयोग्यता का फैसला स्पीकर लेता है, जो काफी विवादास्पद है। दल बदल कानून में पुनः संशोधन होना चाहिए। –लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

## बस सच की पर्देदारी है

**राजेन्द्र शर्मा**

अठारहवीं लोकसभा के करीब पौने दो महीने लंबे चुनाव के पहले चरण का चुनाव प्रचार अभी थमा नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनी चुनाव सभाओं में धर्म की दुहाई का सहारा लिए जाने की शिकायतों के चुनाव आयोग में ढेर लग चुके हैं। संक्षेप में इन शिकायतों का सार यही है कि प्रधानमंत्री, विशेष रूप से राम मंदिर के निर्माण तथा प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लेकर, सनातन संबंधी बहस तक के बहाने से, खुद को तथा सत्ताधारी गठजोड़ को शहिंदू–रक्षकश और अपने राजनीतिक विरोधियों, विशेष रूप से इंडिया गठबंधन को शहिंदू–विरोधीश साबित करने और इसके जरिए, हिंदुओं को अपने विरोधियों के खिलाफ तथा अपने पक्ष में जुटाने की कोशिश कर रहे थे। बेशक, यह दूसरी बात है कि मोदी राज में अर्जित अपने संक्षिप्त नाम, कें चु आ को सार्थक करते हुए, चुनाव आयोग ने इन शिकायतों का कोई संज्ञान लिया हो, इसका अब तक कोई संकेत नहीं है। सच तो यह है कि ये शिकायतें करते हुए विपक्ष को, इसका कोई भ्रम भी नहीं था कि चुनाव आयोग, खासतौर पर प्रधानमंत्री पर आदर्श आचार संहिता की चुनाव के लिए धर्म की दुहाई का सहारा लिए जाने पर रोक के उल्लंघन के आरोपों पर कोई कार्रवाई कर सकता है। पिछले आम चुनाव के समय के और उसके बाद के पूरे दौर के अनुभवों के बाद, ऐसे किसी भ्रम की गुंजाइश ही नहीं रह गयी है। और चुनाव की तारीखों की घोषणा से ऐन पहले, एक चुनाव आयुक्त के संदेहजनक परिस्थितियों में चुनाव आयोग से इस्तीफा देने और उसके बाद हाथों–हाथ मोदी सरकार द्वारा तीन सदस्यीय आयोग के लिए दो सदस्यों की अपनी मर्जी से नियुक्ति किए जाने के बाद, तो किसी भ्रम की रत्तीभर गुंजाइश नहीं बची थी। याद रहे कि चुनाव आयोग की इन दोनों रिक्तियों के भरे जाने से पहले ही, मोदी सरकार द्वारा एक कानून बनाकर, सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को पलटा जा चुका था, जिसमें चुनाव आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर विशेष रूप से जोर देते हुए, आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की।

## तिलहर में राम कथा जारी



तिलहर के मोहल्ला दातागंज स्थित मठिया मंदिर पर चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के छठे दिन माता सीता एंव भगवान राम के विवाह का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालु को मंत्रमुग्ध कर दिया! पं. शिव ओम मिश्रा ने कहा कि ता सीता के स्वयंवर में कई आसुरी शक्तियों ने आकर ध नुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका भगवान शिव की असीम कृपा से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने धनुष को एक हाथ से उठाकर सीता माता व राजा जनक की प्रतिज्ञा को पूरा किया।पुजारी अमित मिश्रा, पं. छोटू मिश्रा, आयोजक नरेश चंद्र, संजीव कुमार गुप्ता, शन्नई गुप्ता, सर्वेश सिंह संदीप कुमार, प्रशांत सिंह, आयुष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## लेखपाल का प्राईवेट अस्पताल में निधन

तिलहरध्तहसील क्षेत्र के परगना कटरा के गांव अमईपुर सड़ा पर तैनात लेखपाल नितिन गंगवार का बीमारी के चलते बरेली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। इस पर तहसीलदार जय प्रकाश यादव व लेखपालों ने उनके निवास पर जाकर शोक श्रद्धांजलि दी। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अंकुर चौधरी ने बताया कि साथी युवा लेखपाल नितिन गंगवार करीब एक माह से ज्वैडिस रोग से पीड़ित थे। जिनका बरेली में इलाज चल रहा था। रविवार को नितिन का निधन हो गया। इस खबर के आते ही तहसील कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। लेखपाल अंकुर चौधरी, भारद्वाज, अतुल चौधरी, अरविंद कनोजिया, शिवाजी यादव, प्रसून कुमार, तरूण प्रताप सिंह समेत कई लेखपाल साथी उनके गांव रमापुर उत्तरी पहुंचे और उनकी अंतेष्टि में शामिल होकर सजल नेत्रों से मृतक साथी को अंतिम विदाई दी। तहसीलदार जय प्रकाश यादव नितिन के घर पहुंचे और शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को ढाढस बंधाया। नितिन अपने पीछे पत्नी और चार साल के मासूम बेटे को छोड़ गए हैं।

## मेंहदी प्रतियोगिता संपन्न



शाहजहांपुर। सरस्वती विधा मंदिर इन्टर कालेज तिलहर संपन्न मेंहदी प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक की बहिनों ने प्रतिभाग किया! प्रतियोगिता में तरुण वर्ग में कक्षा 12 की अंशिका गंगवार वहिन ने प्रथम तरुण वर्ग में कक्षा 10 की तनू गंगवार वहिन ने प्रथम कक्षा 9 अम्बिका वहिन ने द्वितीय तथा कामिनी यादव वहिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया! प्रतियोगिता का संचालन जितेंद्र मिश्रा ने किया! निर्णायक मंडल में सीता गंगवार शामिल रही!

## दो दो हजार रूपए लेकर दलाल व ग्राम सेक्रेटरी पर डबल शौचालय पास करने का लगाया आरोप

निगोही शाहजहांपुर – डबल पति– पत्नी स्वीकृत होने पर गांव ग्रामीणों ने आपत्ती लगाई । शिकायत करता हुआ ग्रामीणों का कहना है कि दो दो हजार रूपए लेकर शौचालय स्वीकृत कराए गए हैं । दो बार प्रार्थना देने के बाद भी ना तो जांच हुई और ना ही कोई कार्रवाई हुई । उन कला निवासी तारीखत खान ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री योजना के तहत दंपतियों के नाम शौचालय स्वीकृत कराए गए । लेकिन जरूरतमंदों को शौचालय एक भी नहीं मिल पा रहा है । शिकायतकर्ता ने 2 फरवरी को जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें आरोप लगाया था कि दो दो हजार रूपए लेकर शौचालय स्वीकृत कर दिए गए । इसके बाद शिकायतकर्ता ने शौचालय कलि सोच लिस्ट निकलवा कर प्रार्थना पत्र में संकलन कर जिलाधि ाकारी को दिया और जांच करने की मांग की लेकिन आज तक कोई जांच नहीं हुई । जिसके बाद शिकायतकर्ता ने दोबारा प्रार्थना पत्र देकर जांच कर कार्रवाई करने के लिए दोबारा जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई । आरोप लगाया कि रवि अहमद उर्फ नेता अनस ग्राम सेक्रेटरी अजय सागर ने रुपए लेकर फर्जीवाड़ा मिलकर धांधली की है । जिसमें शिकायत करता ने जांच कर कानूनी कार्रवाई करने का निवेदन किया है। अजय सागर उनकला ग्राम सचिव ने बताया कि पहले भी प्रार्थना पत्र आया था जिसमें शिकायत करता ने शपथ पत्र पर शिकायत अपनी वापस ले ली हमारे चार्ज लेने से पहले आवास कुछ स्वीकृत किए गए हैं जिसकी हमें जानकारी नहीं है। तरीखत अली शिकयत कर्ता ने बताया कि दो बार शिकयत प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें पहले प्रार्थना पत्र में प्रधान की फर्जी मोहर लगाकर अवैध रूप से कार्य कराए जा रहे हैं जिसकी भी कोई जांच नहीं हुई । और शौचालय भी फर्जी मोर लगाकर स्वीकृत कराए गए हैं । जिसकी जांचकराई जाए आरोप मिलने परकठोर कार्यवाह कानूनी कार्यवाही हो

## मंदिर के पास खुला शराब का ठेका, ग्रामीणों ने किया जमकर विरोध प्रदर्शन

हाथरस। सादाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिसावर के गांव खमानी गढ़ी में मंदिर के पास शराब का ठेका खुलने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि ठेका बंद नहीं किया गया तो वह वह सड़क पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे। मंदिर के पास शराब का ठेका खुलने पर ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। शराब ठेका जल्द बंद न होने पर ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी।सादाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिसावर के गांव खमानी गढ़ी में मंदिर के पास शराब का ठेका खुलने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि सरकार ने स्कूलों के साथ धार्मिक स्थानों के पास शराब अथवा मीट का दुकान नहीं खुलने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों का उल्लंघन करते हुए शराब के ठेकेदारों ने गांव के मंदिर के पास ही ठेका खुलवा दिया। मंदिर के पास शराब ठेका खुलने से पूजा अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं, विशेष तौर को महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। शराबी यहां पर गाली–गलौज करने लगते हैं।

# मतदान पार्टियों की रवानगी की तैयारियों के संबध में समीक्षा बैठक

शाहजहाँपुर। जिला निर्वाचन अधि ाकारीध्जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र उप निर्वाचन से संबंधि ात मतदान पार्टियों की रवानगी की तैयारियों के संबध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को मानचित्र के माध्यम से लेआउट प्लान के विषय में जानकारी दी गयी। इस दौरान रामलील मैदान में विधानसभावार गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था का प्रबन्ध ा, प्रवेश तथा निकास एवं पोलिंग पार्टीयों की रवानगी हेतु सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में चर्चा करते हुये आवश्यक निर्देश संबधित अधिकारियों को दिये गये। ओसीएफ रामलीला ग्राउंड से 12 मई को जनपद में 2481 बूथो पर मतदान करने के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 11 मई को ही





रामलीला मैदान में वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़े करने हेतु निर्देश दिये। उन्होने चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए कि चिकित्सा टीमे एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। एआरटीओ को निर्देश दिए कि विधानसभा वार वाहनों को चिन्हित करते हुये स्लीप चस्पा कर वाहनों को पार्क करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडरों को 12 मई ओसीएफ ग्राउंड तथा 13 मई को रोजा मंडी के टावरों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने हेतु निर्देशित किया, जिससे कि दूरभाष में संपर्क करने में समस्या ना हो। उन्होने निर्देश दिये कि ग्राउंड की साफ–सफाई, लेवलिंग, बैरीकेडिंग, छाया, पेयजल आदि व्यवस्थाएं समय से चाक–चौबंद कर ली जाए। इस दौरान पुलिस अध ाीक्षक श्री अशोक मीणा, अपर जिलाधि ाकारी श्री संजय कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रवेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## 'जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया नामांकन स्थल का निरीक्षण'



शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर में निर्वाचन चतुर्थ चरण में नामांकन 18 से 25 अप्रैल तक होगें। निर्वाचन की अधिसूचना की दिनांक 18 अप्रैल 2024 को जारी होगी। नाम निर्देशन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल, नाम निर्देशन पत्रों की जांच का दिनांक 26 अप्रैल, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 29 अप्रैल तथा मतदान 13 मई को व मतगणना 04 जून को होगी। जिस हेतु प्रशासन द्वारा निरंतर तैयारिया की जा रही है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024, 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु चिह्नित किए गए नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर व बाहर की गई बैरिकेडिंग तथा सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहनतापूर्ण निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीईओ ने बताया कि उम्मीदवार चार प्रस्तावक के साथ कुल पांच व्यक्ति ही एक साथ नामांकन कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। उम्मीदवारों के नामांकन के लिए तीन वाहन ही अनुमन्य है जो नामांकन कक्ष के 100 मीटर की परिधि के बाहर रहेंगे। जनपद में धारा 144 लागू है जिसका सभी को पूर्णतया पालन करना है। उम्मीदवारों के लिए कलेक्ट्रेट के कार्यालयध् न्यायालय जिलाधिकारीध्जिला मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर गेट–2 से प्रवेश द्वार रहेगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन का नामांकन जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में कक्ष संख्या 10 तथा 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र, कक्ष संख्या 11 में 18–25 अप्रैल तक होगें। उन्होंने बताया कि 06 जून 2024 से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। डीईओ ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# पंचायत भवन पर बाबा साहेब का झंडा लगाने पर तनाव, जमकर हुई नारेबाजी, दौड़े अफसर

हाथरस। गांव जिरौली में पंचायत सचिवालय पर 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती मनाई गई थी। इस दौरान पंचायत भवन पर बाबा साहेब का झंडा लगा दिया था। 15 अप्रैल को इसे उतरवा दिया गया था। इसके बाद 16 अप्रैल को पुनरू झंडा पंचायत सचिवालय पर लगा दिया। हाथरस कोतवाली क्षेत्र के गांव जिरौली में पंचायत भवन पर बाबा साहेब आंबेडकर चित्र बना झंडा लगाने पर तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गांव में पहुंचे और झंडे को उतरवा दिया। हालांकि इस दौरान अनुसूचित जाति के लोगों ने नारेबाजी भी की। गांव जिरौली में पंचायत सचिवालय पर 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती मनाई गई थी।

इस दौरान पंचायत भवन पर बाबा साहेब का झंडा लगा दिया था। 15 अप्रैल को इसे उतरवा दिया गया था। इसके बाद 16 अप्रैल को पुनरू झंडा पंचायत सचिवालय पर लगा दिया। इसकी जानकारी पंचायत सहायिका और प्रधान ने कोतवाली पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दी। पंचायत भवन पर झंडा जानकारी पर एसडीएम नीरज शर्मा, सीओ राम प्रवेश राय, तहसीलदार अनिल कुमार पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंच गए। गांव में तनाव की स्थिति को देखते कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने डाक्टर आंबेडकर अनुयायियों व अनुसूचित जाति के लोगों से वार्ता की। इस दौरान इनके बीच नोकझोंक भी हुई। करीब चार घंटे तक गांव में पुलिस व प्रशासनिक अधि ाकारियों का जमावड़ा रहा।

## नामांकन के दौरान सांसद–विधायक की पुलिस से नोंक–झोंक, हुआ हंगामा

हाथरस। सांसद राजवीर दिलेर व विधायक सादाबाद प्रदीप उर्फ गुड्डू चौध ारी पहुंचे, लेकिन दोनों ही जनप्रतिनिधियों को मुख्य द्वार पर ही रोक दिया गया। कलेक्ट्रेट में प्रवेश के लिए सादाबाद विधायक की पुलिस से नोकझोंक हो गई। काफी देर बाद कलेक्ट्रेट से एक फोन कॉल आने के बाद दोनों ही जनप्रतिनिधि ायों को प्रवेश मिल सका। हाथरस सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के दौरान 16 अप्रैल को फिर कलेक्ट्रेट पर नेताओं की पुलिस से तकरार हो गई। कलेक्ट्रेट में घुसने के लिए सांसद राजवीर दिलेर और सादाबाद विधायक प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से नोंक–झोंक हुई। पुलिस ने सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों की गाड़ी को कलेक्ट्रेट से 200 मीटर पहले लगे बैरियर पर ही रोक दिया। इस कारण सांसद पैदल ही नामांकन स्थल तक पहुंचना पड़ा। 16 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी अनूप वाल्मीकि का नामांकन दाखिल कराने के लिए सांसद राजवीर दिलेर, सादाबाद विधायक प्रदीप कुमार गुड्डू चौधरी व अन्य जनप्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंचे। शुरुआती दौर में नामांकन के लिए प्रत्याशी के साथ विधायक वीरेंद्र सिंह राना व अन्य लोग नामांकन स्थल पर प्रवेश कर गए। नौंक झोक इसके बाद सांसद राजवीर दिलेर व विधायक सादाबाद प्रदीप उर्फ गुड्डू चौधरी पहुंचे।